तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 24 सितंबर 2025

13 श्रद्धालुओं ने की मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना



13 आरटीआई कानून को लेकर कनाडा में संगोष्ठी संपन्न



## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारे में माथा टेकने आई महिला का मंगलसूत्र चोरी

**जींद।** गांव धमतान साहिब गुरूद्वारा में माथा टेकने के लिए लाइन में लगी महिला के गले से किसी ने सोने के मंगलसूत्र को तोड़ लिया। गढी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टोहाना निवासी सुभाष ने शिकायत में बताया कि वह पत्नी के साथ गांव धमतान साहिब गुरूद्वारा में माथा टेकने के लिए गया हुआ था।

### अमेरिका भिजवने के नाम पर 8.50 लाख ठगे, केस

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने कैथल की एक युवती को अमेरिका भिजवने के नाम पर 8.50 लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रेलवे रोड कैथल की पूनम ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बेटी को विदेश भिजवाना चाहती थी।

### महिला की बाजू तोड़ी, मामला दर्ज

**जींद।** नागरिक अस्पताल में महिला के साथ मारपीट कर बाजू तोड़ने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हाउसिंग बोर्ड निवासी रूबी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कार्यवश नागरिक अस्पताल गई हुई थी। उसी दौरान उसकी सन्नी तथा उसकी बहन से कहासुनी हो गई। जिस पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की और बाजू को तोड़ दिया।

### सूर्यदेव कराटे एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन बने

**उचाना।** सुदकैन कलां के सूर्यदेव श्योकंद को हरियाणा स्पोर्टस कराटे एसो.का प्रदेश वाइस चेयरमैन नियुक्त किया। एसो.के चेयरमैन विधायक पवन खरखौदा है। इस नियुक्ति पर सीएम नायब सिंह सैनी, हरियाणा ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष कप्तान जसविंद्र मीनू बैनीवाल, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का आभार प्रकट किया।

### कार सवारों से 22.60 ग्राम हेरोइन बरामद

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव मांडी के निकट कार सवार तीन लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 22.60 ग्राम हैरोइन बरामद की है। हैरोइन को नरवाना से तस्करी कर असध ले जाया जा रहा था। उचाना थाना पुलिस ने हैरोइन के साथ पकड़े गए तीनों आरोपितों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी।

### फसल खरीद को लेकर पुख्ता प्रबंध : एसडीएम

**उचाना।** एसडीएम दलजीत सिंह ने बताया कि संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि धान खरीद कार्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी हिदायतों के अनुरूप किया जाए तथा किसी प्रकार की फर्जी खरीद न हो। सभी रिकार्ड समय पर तैयार किए जाएं। उपमंडल की सभी मंडियों में जाम की स्थिति से बचने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं एवं सड़कों की मरम्मत शीघ्र करें। इसके साथ ही सभी मंडियों में सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रॉनिक कांटे व तिरपाल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।

### सड़क हादसों में एक की मौत, चार घायल

**जींद।** अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि चार घायल हो गए। संबंधित थाना पुलिस मामलों की जांच कर रही है। दरौलीखेड़ा निवासी चरण सिंह ने शिकायत में बताया कि उसका भाई अजीत बाइक पर सवार होकर नरवाना से घर की तरफ लौट रहा था।

### डॉ. विनय को सेंट्रल विवि ऑफ हरियाणा से न्योता

**कैथल।** सरकारी अस्पताल के मनोरोग विभाग में कार्यरत डॉ. विनय गुप्ता को सेंट्रल यूनिवर्सिटी आफ हरियाणा की तरफ से 26 को होने वाली आत्महत्या रोधी पैनल डिस्कशन में पैनलिस्ट के तौर पर शामिल होकर व्याख्यान देने पैनल डिस्कशन के लिए न्योता मिला है।

---

### डीजी हेल्थ ने पुरानी बिल्डिंग के रेनोवेशन कार्य का किया निरीक्षण

# 50 साल पुरानी अस्पताल की बिल्डिंग का डिप्टी स्पीकर कल करेंगे उद्घाटन

## पुरानी बिल्डिंग में नही होगा सेंट्रलाइज्ड एसी सिस्टम, सिर्फ इमरजेंसी में होगा

**पुरानी बिल्डिंग के लुक को नया दिखाने का प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार स्वास्थ्य विभाग कार्यरत है। इसी के चलते नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के रेनोवेशन का कार्य पिछले एक पखवाड़े से चला हुआ है। मंगलवार को डीजी हेल्थ डा. अनिल बिरला अस्पताल पहुंचे और पुरानी बिल्डिंग के रेनोवेशन कार्य का निरीक्षण किया।

उनके साथ सीएमओ डा. सुमन कोहली, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डा. दिनेश व अन्य स्वास्थ्य स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के दौरान पाया कि इमरजेंसी का कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही इसमें उपकरण इंस्टॉल हो जाएंगे। हालांकि यहां सेंट्रलाइज्ड एसी की डिमांड की गई थी जिसे पूरा किया जाएगा लेकिन पूरानी बिल्डिंग में सेंट्रलाइज्ड एसी सिस्टम सेट करना संभव नही दिख रहा है। ऐसे में फिलहाल सेंट्रलाइज्ड एसी योजना केवल एमरजेंसी वार्ड में ही होगी। इसके अलावा डीजी हेल्थ ने रेनोवेशन कार्य की भी जांच पड़ताल की। अब 50 साल पुरानी बिल्डिंग का एक बार फिर से 25 सितंबर को उद्घाटन होगा और आशा है कि डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि होंगे।





जींद। निरीक्षण करते डीजी हेल्थ डा. अनिल बिरला। फोटो :हरिभूमि

**दिशा-निर्देशों पर होगा अमल**

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि डीजी हेल्थ डा. अनिल बिरला ने पुरानी बिल्डिंग का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जो दिशा-निर्देश दिए हैं, उस पर कार्रवाई की जाएगी। 25 सितंबर को प्रदेशभर में लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ हो रहा है। जींद जिले में जिला स्तरीय कैंप नागरिक अस्पताल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इस अवसर पर महिलाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच कैंप भी लगाए जाएंगे।

**इमरजेंसी वार्ड का किया विस्तार**

अस्पताल की 50 साल पुरानी बिल्डिंग का डिजाइन इतना प्रभावशाली बनाया गया है कि बाहर से देखने पर ऐसा लग रहा है कि यह पूरी तरह से नया अस्पताल है। इसके साथ ही अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का भी 10 से 20 बैड का विस्तार किया गया है। इमरजेंसी वार्ड को सेंट्रली एयर कंडीशंड बनाने की योजना सिरे चढ़ गई है लेकिन अधिकारी पुराने भवन में ही सेंट्रल कुलिंग सिस्टम बनाने की मांग कर रहे थे। स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय ने इस को नकार दिया है। लोक निर्माण इलेक्ट्रिक शाखा द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को स्वास्थ्य विभाग ने नहीं माना है। ऐसे में अब इमरजेंसी ही सेंट्रली एयर कंडीशंड युक्त होगा।

**14.91 करोड़ की राशि खर्च होगी**

14.91 करोड़ की राशि से हो रहा है रेनोवेशन का कार्य नागरिक अस्पताल की बिल्डिंग 50 साल पुरानी है। हालांकि बिल्डिंग को कंडम कर नई बिल्डिंग की मांग की जा रही थी लेकिन ऐसा संभव नही हो पाया। ऐसे में निर्णय लिया गया कि 14.91 करोड़ की लागत से इस बिल्डिंग का रेनोवेशन करवाया जाए और इस बिल्डिंग को ही नया लुक दिया जाए।

**उद्घाटन कल**

पखवाड़ा पहले बिल्डिंग के रेनोवेशन का कार्य शुरू हुआ तो इस पर सवालिया निशान लगने शुरू हो गए। कभी प्रदर्शन तो कभी रोष जताया गया लेकिन काम नही रूका। उम्मीद थी कि 16 सितंबर को सीएम इस बिल्डिंग का उद्घाटन करेंगे लेकिन काम पूरा नही हुआ। अब 25 सितंबर को इस बिल्डिंग का उद्घाटन होगा।

---



जींद। पोस्टमार्टम के लिए शव लेकर जाते परिजन। फोटो :हरिभूमि

# खानपुर पीजीआई में हुआ मृत बालिका का पोस्टमार्टम

- चिकित्सकों ने मौत के पीछे ऑक्सीजन की कमी होने की दी राय
- अपराही मोहल्ले में संदिग्ध हालात में बालिका की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अपराही मोहल्ले में संदिग्ध हालात में हुई बालिका की मौत के दूसरे दिन खानपुर पीजीआई में चिकित्सक बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। चिकित्सकों ने मौत को लेकर आक्सीजन की कमी होना अपनी राय में बताया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरी तरह स्थिति साफ हो जाएगी। जिसके आधार पर आगामी कार्रवाई पुलिस द्वारा अमल मे लाई जाएगी।

अपराही मौहल्ले में किराये पर निजी स्कूल में रह रहे मूलतः आगरा यूपी निवासी दीपक की दो वर्षीय बेटी साधना की सोमवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजन शव का पोस्टमार्टम नही करना चाहते थे लेकिन पडोसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पडोसी ने बालिका को मौत पर संदेह जताया और हत्या करने की बात कही। जिस पर पुलिस ने मृत बालिका के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले की गंभीरता से लेते हुए नागरिक अस्पताल में बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाना चाहा लेकिन कारणवश बोर्ड नही बन सका। जिस पर बालिका के शव को मंगलवार को खानपुर पीजीआई रेफर किया गया। जहां पर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया।

**रिपोर्ट के आधार कार्रवाई**

चिकित्सकों ने अपनी राय मे बालिका की मौत का कारण आक्सीजन की कमी होना बताया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों से भी पर्दा हट जाएगा। मृतका की मौसी रामवती ने बताया कि बालिका अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलते समय व कंबल में छुप गई। जिसके कारण उसकी भांजी की मौत हुई है। शहर थाना की जांच अधिकारी गीता ने बताया कि बोर्ड से बालिका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट में जो भी आएगा उसके आधार पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

---

# राजौंद: धान की कटाई का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

क्षेत्र में धान की कटाई का कार्य शुरू हो चुका है। किसान अपनी फसल को सहेजने में लगे हुए हैं। जिसके चलते किसान दिनरात एक कर अपनी फसल को काटने व उठाने में लगे हैं। अभी तक धान की कुछ किस्में पककर तैयार हुई है। उसके बावजूद भी अधिकतर किसान मजदूरों के साथ-साथ स्वयं फसल की कटाई में जुटे हुए हैं। वहीं धान की फसल की कटाई को लेकर मजदूरों की भी टोलियां नजर आने लगी हैं। बता दे कि किसानों पर धान की फसल को उठाने व गेहूं की बिजाई को लेकर दबाव बना है।



राजौंद। खेतों में धान की फसल की कटाई में लगी कंबाइन। फोटो :हरिभूमि

**गेहूं की बिजाई को लेकर किसान चिंतित**

हर किसान का प्रयास यह होता है कि जल्द से जल्द अपनी धान की फसल को एकत्रित कर गेहूं की बिजाई करे ताकि समय पर गेहूं की बिजाई होने से उसकी आगामी फसल प्रभावित न हो सके। लेकिन अभी तक किसान वर्ग द्वारा लगाई गई पी आर व अन्य मोटी किस्मों की धान की फसल की ही कटाई हो रही है।

---

# कर्मियों को पक्का करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

- मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर जिला सचिवालय पर ज़ोरदार धरना प्रदर्शन करते एडीसी सुरेश राविश के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसकी अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण ने व संचालन जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि आठवें वेतन आयोग के गठन, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने व निजीकरण पर रोक लगाने आदि मुख्य मांगो को लेकर फेडरेशन के आह्वान पर पूरे देश में जिला स्तर पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपे गए।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला वरिष्ठ उपप्रधान ओमपाल भाल, उपप्रधान छज्जू राम व सावित्री देवी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के राज्य महासचिव कपिल सिरोही और रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान रमेश हरित ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लॉन्च की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सभी विभागों को निजी हाथों में देने की मुहिम तो तेज कर दिया है।




कैथल। अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के ब्लॉक प्रधान व सचिव में से सुरेन्द्र पहलवान, सुरेश कुमार,राजेश कुमार, स्वराज सिंह,पवन शर्मा, संदीप सैनी, नरेश कुमार, पटवारी सुरेन्द्र खटकड़,सुखविंद्र, दिलबाग पोलड,कृष्ण कुमार,सन्नी,राममेहर, राजेन्द्र कुमार,पवन कुमार, पवनपाल, मास्टर रामफल दयोहरा, शमशेर कालिया,कृष्ण आर्य, विक्रम ढांड, गोपालदास गौरव टांक, विक्की टांक,राजकुमार, आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

---



गुहला चीका। सांसद के पीए बलविंदर को कमेटी सदस्य स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

**शेड निर्माण के लिए 11 लाख सौंपे**

**गुहला चीका।** श्री भवानी मंदिर में अब शीघ्र ही शेड निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद नवीन जिंदल की टीम ने एस.डी. सभा चीका को इस कार्य के लिए 11 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। यह राशि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों से मुलाकात के दौरान सांसद जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं भी देश के निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं। सांसद के निजी पीए बलविंदर सिंह ने कहा कि यदि सभी वर्ग एकजुट होकर कार्य करें तो देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने भवानी मंदिर की तीनों संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि यह नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर प्रधान राजीव शर्मा, कुलदीप माजरा, बलबीर सैनी, मोती राम गर्ग, धर्मबीर, गुरबख्श सिंह सिडा, वैध सत्यनारायण शर्मा, कृष्ण धीमान, रविंद्र पाली, जसबीर पुनिया, भूषण शर्मा, दीपक सिंगला, राजू बावा आदि मौजूद रहे।

---

# मांगों को लेकर दिया धरना, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला जींद द्वारा लघु सचिवालय पर एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान संजीव ढांडा ने की। धरने में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भागीदारी की। वहीं रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने भी इस आंदोलन को समर्थन देते हुए सक्रिय भागीदारी की। धरने को संबोधित करते हुए महासंघ और कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर कर्मचारियों के अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाया।




जींद। धरने के बाद अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**राज्यव्यापी हड़ताल की तैयारी**

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान विक्रम सिंह, सचिव राजकुमार श्योकंद, वरिष्ठ नेता आजाद पांचाल और कर्मबीर संधु ने भी धरने को संबोधित करते हुए सरकार से मांग की कि कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की समस्याओं को तुरंत हल किया जाए। धरनास्थल से कर्मचारियों ने एक स्वर में ऐलान किया कि यदि सरकार ने मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा और आने वाले समय में राज्यव्यापी हड़ताल की तैयारी की जाएगी।

---



जीएसटी सुधार का लाभ परखने पहुंचे विधायक देवेंद्र अत्री दुकानदारों के साथ।

**बाजारों में पदयात्रा निकाली**

**उचाना।** जीएसटी सुधार का लाभ परखने विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने शहर के बाजारों पर पदयात्रा कर व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद किया। उत्पादों की नई जीएसटी दरों के बारे में जानकारी ली। ग्राहकों से संवाद में विधायक ने कहा कि पीएम मोदी ने दशहरा से पहले ही लोगों को दीपावली का उपहार दे दिया है, इसका भरपूर लाभ उठाएं। जीएसटी रिफार्म जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते विधायक सबसे पहले लाल चौक पहुंचे। विधायक ने कहा कि इससे कारोबार और मजबूत होगा। पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए ग्राहकों को इसका फायदा जरूर दीजिए। पदयात्रा के दौरान विधायक का स्वागत दुकानदारों, आमजन ने किया। घटी जीएसटी बढ़ा व्यापार, धन्यवाद मोदी सरकार जैसे नारे लगाए गए। जीएसटी पर संवाद में व्यापारियों ने ग्राहकों को पूरा लाभ देने का वादा किया। प्रवीण गर्ग के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत में विधायक अत्री ने कहा कि जीएसटी में जो सुधार हुआ है उससे आमजन, व्यापारी सब खुश हैं। जीएसटी का ये बदलाव आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। इससे हर क्षेत्र में बदलाव, सुधार हुआ है। बाइक, सीमेंट, खेती उपकरण सहित 54 चीजों पर जीएसटी कम हुआ है।

---

**योजना** शिक्षा विभाग के उल्लास कार्यक्रम के तहत 28 को आयोजित होगी परीक्षा

**जिले के प्रत्येक गांव में एक राजकीय स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया**

# जींद : साक्षर बनने के लिए पंद्रह साल से अधिक उम्र के 6500 व्यवस्क देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

उल्लास योजना के तहत 28 सितंबर को जिलेभर से 15 साल से अधिक उम्र के 6500 व्यवस्क परीक्षा देंगे। इस वर्ष 10 हजार से अधिक वयस्कों ने बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के लिए पंजीकरण कराया है और वे 28 सितंबर को होने वाली फ उंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी असेसमेंट टेस्ट में शामिल होने जा रहे हैं। परीक्षा को लेकर जिले के हर गांव से एक राजकीय स्कूल को केंद्र बनाया गया है। गौरतलब है कि उल्लास कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य हर नागरिक को साक्षर बनाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जिले के हर गांव में सामाजिक चेतना केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां स्वयंसेवकों की मदद से वयस्क आबादी को शिक्षित किया जा रहा है। 15 वर्ष से अधिक आयु को कोई भी नागरिक जो बुनियादी शिक्षा से वंचित रह गया हो नजदीकी सरकारी विद्यालय में उल्लास के तहत पंजीकरण करवा सकता है और परीक्षा में शामिल हो सकता है। परीक्षा साल में दो बार मार्च और सितंबर माह में आयोजित करवाई जाती है। पिछले सत्र में उल्लास कार्यक्रम के तहत जींद में 25 हजार 306 लोगों ने फाउंडेशन लिटरेसी परीक्षा पास की थी। यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस साल भी 10 हजार से अधिक शिक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

**परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी**

उप जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया व उल्लास योजना के कोऑर्डिनेटर शशीकांत ने बताया कि उल्लास योजना का लक्ष्य जिले के हर नागरिक को साक्षर बनाना है ताकि वे समाज के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे सकें। 28 सितंबर को होने वाली परीक्षा के लिए सभी केंद्र तैयार हैं और उम्मीद है कि इस साल भी बड़ी संख्या में लोग परीक्षा पास कर साक्षर बनेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा**

परीक्षा पास करने वाले शिक्षार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान द्वारा प्रमाणपत्र भी दिया जाता है जो उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है और आगे की शिक्षा के लिए प्रेरित करता है। शिक्षा विभाग का मानना है कि उल्लास कार्यक्रम केवल पढना, लिखना सिखाने तक सीमित नहीं है। उल्लास कार्यक्रम के तहत शिक्षार्थियों की प्रगति का आंकलन करने के लिए फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमेरसी असेसमेंट टेस्ट आयोजित किया जाता है।

---



अलेवा। संडील गांव में सर्च अभियान के दौरान दिखाई देता भारी पुलिस बल।

**पुलिस ने संडील में चलाया सर्च अभियान**

**अलेवा।** पुलिस ने नशाखोरों के खिलाफ मुहिम चलाते हुए मंगलवार सुबह संडील गांव में सर्च अभियान चलाया। जिसका नेतृत्व उचाना के डीएसपी संजय कुमार ने किया तथा डयूटी मेजिस्ट्रेट के रूप में एक्साइज विभाग के इटीओ सुबर्त शर्मा ने भाग लिया। इस दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव का रमेश नशा बेचने का काम करता है। जिससे नगूरां चौंकी से एएसआइ जयबीर ने सूचना पर टीम के साथ तुरंत प्रभाव से संडील निवासी रमेश को आठ ग्राम 80 मिलीग्राम चिटटा (हेरोइन) के साथ काबू कर लिया। अलेवा थाना प्रभारी आत्मा राम ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को नशा खोरों के खिलाफ मुहिम चलाते हुए डीएसपी उचाना संजय कुमार, डयूटी मेजिस्ट्रेट सुबर्त शर्मा के नेतृत्व में सीआईए जींद, उचाना पुलिस, अलेवा पुलिस तथा नगूरां पुलिस के साथ संयुक्त रूप से संडील गांव में सर्च अभियान चलाया।



## मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका

**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था।

लाइफ Style

# दीपिका

## 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीज़ल के साथ हो सकती है।

हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होगीं। विन डिज़ल ने इस पोस्ट में एक्सएक्सएक्स के नए पार्ट का जिक्र किया। इसी के साथ ऐसा इशारा है कि इस बार फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'शेयर करने के लिए बहुत कुछ है,ऐसी आइकॉनिक कहानियां जो किसी गहरे एहसास से जुड़ी हैं।



हॉलीवुड मसाला



## जिमी किमेल कर रहे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं।



## मौन साधना के लिए आना चाहती हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेनिफर एनिस्टन ने एक खास बातचीत में बताया कि वो चाहती हैं कि उनकी अगली भारत यात्रा आध्यात्मिकता पर फोकस हो। वो भारत में एक मौन साधना में भाग लेना चाहती हैं। साथ ही मेडिटेशन के एक्सपीरियंस की भी इच्छा जताई है। दुनियाभर में पॉपुलर सीरीज 'फ्रेंड्स' में रेचल ग्रीन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वो इस बार स्प्रिचुअल एक्सपीरियंस के लिए भारत आना चाहती हैं। भारत में उनकी अगली जर्नी मेडिटेशन और मौन साधना को लेकर हो सकती है। जेनिफर एनिस्टन ने ये सारी बात, साथी कलाकार रीज विदरस्पून के साथ भारत से जुड़े अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए की। जेनिफर और रीज एक बार फिर 'द मॉर्निंग शो' के चौथे सीजन में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



## रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज के साथ आईं नजर

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। हाल ही में सामंथा को मुंबई के बांद्रा में मौजूद एक जिम में देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु पहले निकलते हुए दिखाई दिए। कुछ देर बाद अभिनेत्री बाहर निकलती हुई दिखाई दीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का नाम निर्देशक राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में सामंथा ने दुबई से एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में उन्होंने एक शख्स का हाथ पकड़ा था।



## एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इन दावों का खंडन किया और इस तरह की छेड़छाड़ की गई सामग्री के तेजी से फैलते प्रसार पर चिंता व्यक्त की। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, मुझे हाल ही में एक फिल्म के ट्रेलर के कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं।

टीवी मसाला



## तान्या बनीं रानी तो अमाल ने खिलाया अपने हाथों से खाना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने धमाकेदार एपिसोड और कंटेस्टेंट्स की शानदार लाइन-अप से दर्शकों का दिल जीत रहा है। नया एपिसोड भी कुछ अलग नहीं रहा, क्योंकि इसमें कई मजेदार पल दिखाए गए। सबसे बड़ी चीजों में से एक, जिसने सबका ध्यान खींचा, वह था जब अमाल मलिक ने अवेज दरबार पर नकली फॉलोअर्स होने का आरोप लगाया। इसके बाद काफी कहा सुनी हुई। अब नए एपिसोड का प्रोमो भी आ गया है। साथी घरवालों के साथ बातचीत में, अमाल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अवेज के असली फॉलोअर्स हैं। मुझे लगता है कि 30 मिलियन में से 25 मिलियन फेक हैं क्योंकि मैंने देखा है कि उनका ट्रैक्शन कितना ज्यादा है। मैं उन्हें अपने गानों के प्रचार के लिए पैसे देता हूं और इसीलिए वह अब तक मुझसे नहीं लड़ रहे थे और अगर वह असली मर्द हैं, तो मेरे गानों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। शो के नए प्रोमो में तान्या मित्तल और अमाल मलिक घर के राजा-रानी बने हैं और शहबाज उन्हें पंखा हिलाकर हवा दे रहे हैं। जीशान ने भी तान्या को पानी पिलाया। प्रोमो में शहबाज तान्या को खाने की प्लेट दे रहे हैं। अमाल आकर अपने हाथों से खाना खिलाते हैं। शहबाज खड़े होकर पंखा हिलाते हैं। जीशान आकर उन्हें पानी पिलाते हैं। उन्हें शहबाज महाराजा के पिता कहते हैं। दूसरे प्रोमो में प्रणित अलग ही मूड में नजर आ रहे हैं। उनकी अमाल से लड़ाई हो जाती है।

### जया के सवाल से बिग बी की बोलती हो गई थी बंद

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन भी दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही में सामने आए एक प्रोमो में लेटेस्ट एपिसोड की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इनमें बिग बी ने बताया कि कैसे शो में जया के आते ही उनकी बोलती बंद हो गई थी। प्रोमो में शो में बतौर कंटेस्टेंट पल्लवी हॉट सीट पर नजर आ रही हैं। बिग बी से उन्होंने अपनी बेटियों को बुलाने की बात कही. पल्लवी की बेटियां से अमिताभ ने बात भी। इस दौरान बिग बी पल्लवी की छोटी बेटी के ट्रेडिशनल आउटफिट और मोगरे के गजरे को देखकर खुश हो जाते हैं और बताते हैं कि उनकी पत्नी जया को भी गजरा पहनना बहुत पसंद है। शो के दौरान पल्लवी कहती हैं कि जब आप सामने होते हो तो हर कंटेस्टेंट्स अपने जवाब भूल जाता है और वह सही जवाब नहीं दे पाता। ये सुनते ही अमिताभ जया से जुड़ा किस्सा शेयर करते हैं और कहते हैं कि जो लोग शो देखते हैं, उन्हें पता है कि एक बार जया बच्चन होस्ट बनी थी और मैं कंटेस्टेंट् उस वक्त मेरी भी हालत बहुत खराब हो गई थी।



## इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

*नई दिल्ली। भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*

**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।



**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

## अधीरा में आमने-सामने होंगे कल्याण और सूर्या

*मुंबई। शरण कोप्पिसेट्टी के निर्देशन में बन रही अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'अधीरा' के निर्माताओं ने इसका पहला लुक जारी किया है। इसमें कल्याण दसारी और एसजे सूर्या को दिखाया गया है। पहला पोस्टर दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इसे आरके दुग्गल ने प्रस्तुत किया है और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। पोस्टर में एक विशाल ज्वालामुखी फटता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे आसमान में आग फैल रही है। इस अफरा-तफरी के बीच एसजे सूर्या बदले हुए नजर आ रहे हैं। उनके आदिवासी कवच उन्हें बैल जैसे सींगों वाले एक राक्षस जैसा दिखा रहे हैं। उनके सामने कल्याण दसारी निडरता से घुटनों के बल बैठे हैं। उनकी आंखें खौफनाक लग रही हैं। उन्होंने खास तरह का वैज्ञानिक सूट पहना है। यह फिल्म कल्याण दसारी के अभिनय कॅरियर की शुरुआत है। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' का निर्माण किया है। '*



### मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल हो जाता है खुश

## वो कर्णप्रिय धुन, जिस पर पांच संगीतकारों ने बनाए ये गाने

*नई दिल्ली। बॉलीवुड सॉन्ग दिल को सुकून देते हैं। आप कितने भी तनाव में हों, अगर कोई मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल खुश हो जाता है। टेंशन छू मंतर हो जाता है। वैसे तो हर फिल्म के गाने और उनकी धुन अलग होती है, लेकिन बॉलीवुड में एक धुन ऐसी है, जिस पर 10 गाने बने। इन गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन गानों को आपने जरूर सुना होगा।*

### ठंडी हवाएं, लहराके आएं

1951 में आई फिल्म नौजवान संगीतकार एसडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। इस फिल्म की एक धुन पर 11 गाने बनाए गए। गाने के बोल थे : 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं..'. गाने के आवाज दी थी लता मंगेशकर ने। फिल्म का डायरेक्शन महेश कौल ने किया था। फिल्म में प्रेमनाथ, नलिनी जयवंत, यशोधरा काटजू, कमल मेहरा, जेब कुरैशी, एसएन बनर्जी नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक एसडी बर्मन ने दिया था। गीतकार साहिर लुधियानवी थे। इस धुन से प्रेरित होकर दूसरे संगीतकारों ने भी गाने बनाए। फिर चाहे वो संगीतकार रोशन हों या राम लक्ष्मण, या मदन मोह. एसडी बर्मन के बेटे आरडी बर्मन ने तो चार बार इस धुन का इस्तेमाल अलग-अलग फिल्मों में किया।. इसका खुलासा भी आरडी बर्मन ने ही अपने एक इंटरव्यू में किया था।




### नगमा हमारा गाएगा ये जमाना

पांचवीं बार यही धुन 1976 में आई फिल्म 'बंडलबाज' में सुनने को मिली थी। गाने को आवाज रफी-लता ने दी थी। गीत के बोल थे : नगमा हमारा गाएगा ये जमाना। फिल्म के डायरेक्टर शम्मी कपूर थे। म्यूजिक आरडी बर्मन ने दिया था। एक तरह से आरडी बर्मन ने अपने पिता की धुन में थोड़ा बहुत बदलाव करके नया गाना बना दिया। राजेश खन्ना, शम्मी कपूर और सुलक्षणा पंडित फिल्म में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी।

### रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली...

1966 में संगीतकार रोशन ने एक फिर से इस धुन का इस्तेमाल अपनी एक और फिल्म में किया। फिल्म थी : ममता. गाने के बोल थे : 'रहें ना रहें हम, महका करेंगे, बनके कली...' । असित सेन ने फिल्म को डायरेक्ट किया था। सुचित्रा सेन, धर्मेंद्र और अशोक कुमार इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। यह गाना फिल्म में दो बार रखा गया था। एक बार लता मंगेशकर की आवाज में सोलो सॉन्ग और दूसरी बार मोहम्मद रफी-सुमन कल्याणपुर का ड्यूट सॉन्ग। यह चौथा मौका था जब एक ही धुन पर कोई गाना बना।

### तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है...

1954 में 'चांदनी चौक' में इस धुन का इस्तेमाल करके फिर से एक गाना बनाया गया। 'चांदनी चौक' का डायरेक्शन बीआर चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मीना कुमारी लीड रोल में थी। म्यूजिक रोशन ने दिया था। उन्होंने एसडी बर्मन की धुन में थोड़ा सा फेरबदल करके म्यूजिक कंपोज किया। गाने को आवाज आशा भोसले ने दी थी। गाने के बोल थे : 'तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है।' इस गाने की शुरुआती धुन 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं...' से ही प्रेरित थी।

### यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने

तीसरी बार इसी धुन पर एक सॉन्ग 1964 में आई फिल्म 'आपकी परछाइयां' में सुनाई दी। फिल्म में धर्मेंद्र, शशिकला, ओम प्रकाश और सुप्रिया चौधरी नजर आए थे। मोहन कुमार ने फिल्म का डायरेक्शन किया था। म्यूजिक मदन मोहन ने दिया था। इस फिल्म का एक गाना 'यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने, मेरी जान जाए, मेरी जान जाए....' नौजवान मूवी के सॉन्ग से ही प्रेरित था। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** जुलाना से नाबालिग लड़की के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कैंप कल

**जींद।** हरियाणा सरकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक और ऐतिहासिक पहल कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 सितंबर को पंचकूला से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के मोबाइल एप का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन प्रदेशभर के जिलों और उपमंडलों में विशेष निशुल्क पंजीकरण कैंप आयोजित किए जाएंगे।

### सुषमा अत्री ने जीएसटी रिफॉर्म के बताए फायदे

**उचाना।** जीएसटी रिफार्म जागरूकता अभियान के तहत भाजपा नेत्री सुषमा अत्री शहर के बाजारों में दुकानदारों, ग्राहकों से रूबरू हुई। जीएसटी के फायदे बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी स्लैब में बड़ा बदलाव किया है। पहले के 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के स्लैब को हटाकर अब केवल दो स्लैब कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि घरेलू सामान, ऑटोमोबाइल्स और कृषि उपकरणों पर टैक्स कम किया गया है। इससे उपभोक्ताओं और किसानों को फायदा मिलेगा।

### नगूरां में मनाया पोषण माह अभियान

**अलेवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग अलेवा द्वारा नगूरां गांव में पोषण माह अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता आंगनबाड़ी वर्कर सुनिता ने की। महिलाओं को जागरूक करते आंगनबाड़ी वर्कर सुनिता ने बताया कि यह अभियान गर्भवती महिलाओं, किशोरियों, बच्चों व नवजात शिशु आदि के लिए हर साल सितंबर माह में मनाया जाता है।

### बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** महिला पुलिस ने एक गांव की छह वर्षीय बच्ची से छेडछाड के आरोप में 75 वर्षीय बुजुर्ग के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला थाना में दी शिकायत में गांव की महिला ने बताया कि उसकी पोती गांव के ही स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगा कहा कि आरोपी बुजुर्ग बच्चों को खाने की वस्तुओं का लालच देकर अपने पास बुलाता है और उने साथ छेड़खानी करता है।

### गांव करोड़ा में सड़क न बनने से ग्रामीणों में रोष

**पाई।** निकटवर्ती करोड़ा गांव में मंजूर हुई सड़क न बनने से ग्रामीणों में जिला प्रशासन के प्रति व्यापक रोष है। ग्रामीण राजवीर, रमेश, काला, रोहताश आदि ने बताया कि उनके गांव में राजकीय वरिष्ट माध्यमिक कन्या स्कूल के पास सड़क का बहुत ही बुरा हाल है। जहा सड़क पर कई- कई फूट गहरे गड्डे पड़े हुए है, वही उस पर गंदा पानी भी खड़ा हुआ है।

### नया साउंड सिस्टम लगवाने के लिए सौंपा 1.15 लाख का चेक

**कैथल।** सांसद नवीन जिंदल ने आज अदालत परिसर स्थित बार रूम में नया साउंड सिस्टम लगवाने के लिए 1,15000 रुपये का चेक जिला बार एसो को सौंपा। सांसद की ओर से जिंदल हाउस के इंचार्ज रविंदर धीमान, कैथल विधानसभा इंचार्ज अरविंद गोलन ने यह राशि एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा, उप प्रधान हेमराज वाधवा, सचिव सचिन सिंघल, सह सचिव अमित रोहिल्ला और कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया को सौंपा।

### दस दिवसीय एनसीसी कैंप का किया आयोजन

**जींद।** 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कैडेटों का 10 दिवसीय एनसीसी कैंप मितासो कॉलेज ऑफ एजुकेशन नरवाना में 21 से 30 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से आए कैडेट भाग ले रहे हैं।

## शारदीय नवरात्र: पूरा दिन मंदिरों में लगी रही भक्तों की भीड़

# श्रद्धालुओं ने की मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना

### जगह-जगह कीर्तन होने के कारण पूरा शहर मां दुर्गा की भक्ति में लीन

**सुबह पांच बजे से ही मंदिर में भक्तों की लाइन लगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को भी मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। नवरात्रों में शहर में जगह-जगह कीर्तन आयोजित होने के कारण पूरा शहर मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो गया है। जैसे-जैसे शाम होनी शुरू होती है वैसे-वैसे मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की संख्या भी बढने लगती है। नवरात्रों के दूसरे दिन भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सुबह पांच बजे से ही मंदिर में भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो जाती है। जिनमें महिलाओं तथा छोटे बच्चों की संख्या अधिक होती है। उन्होंने बताया कि अन्य दिनों की अपेक्षा नवरात्रों में भक्तों की भीड़ मंदिरों में ज्यादा जुटती है। श्रद्धालु जल्द से जल्द मां दुर्गा के दर्शनों के अभिलाषी होते हैं। श्रद्धालुओं का यह क्रम सुबह 11 बजे तक चलता है। शाम पांच बजे से श्रद्धालु फिर से मंदिर में आना शुरू हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में नवरात्र पर्व पर जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा शहर के रघुनाथ मंदिर, शीतला माता मंदिर, वैष्णवी धाम, बनभौरी माता, राधा कृष्ण मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर में आयोजित सत्संग तथा कीर्तनों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया है।



जींद। जयंती देवी मंदिर में मां जयंती की पूजा करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



जींद। माता वैष्णवी धाम में आयोजित प्रवचन सुनते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### मां अम्बा की आराधना से शक्ति की प्राप्ति

माता वैष्णवी धाम के आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि दो शब्दों के संयोग से बना है नवरात्र। नव का अर्थ है नौ व रात्र का अर्थ है रात्रि समूह। नवाणां रात्रीणां समाहार नवरात्रं। इन नवरात्रों में भारतवर्ष की समस्त जनता अशुभ की निवृति और शुभ की प्राप्ति के लिए मां दुर्गा की संपूर्ण श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ पूजा उपासना में रत रहती है। दुर्गा शब्द का अर्थ है जो दुर्गति का नाश करे। हमारे धर्मग्रंथों में इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं। जब-जब देवताओं अथवा मनुष्यों को शक्ति की आवश्यकता अनुभव हुई। तब-तब उनको इन भगवती मां अम्बा की आराधना से शक्ति की प्राप्ति हुई है। देवी पुराण में उल्लेख आता है कि भगवान शिव ने इनकी आराधना करके सर्व सिद्धियां प्राप्त की व मां भगवती की कृपा से उनका आधा अंग देवी का बन गया। इसके फलस्वरूप वे जगत में अर्धनारीष्वर के रूप में विख्यात हुए।



पूंडरी। मां बाला सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना करते पूर्व विधायक तेजवीर सिंह।

#### नवरात्रे शक्ति और भक्ति का प्रतीकः तेजवीर

**पूंडरी।** नवरात्रि के पहले दिन पूंडरी के पूर्व विधायक तेजवीर सिंह हथीरा स्थित मां बाला सुंदरी मंदिर पहुंचे। उन्होंने माता रानी के चरणों में माथा टेककर अपने हलके पुंडरी और पैतृक गांव कौल के निवासियों के सुख-शांति, खुशहाली, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी कुलदीप जांगड़ा ने उन्हें आशीर्वाद दिया। तेजवीर सिंह ने कहा कि नवरात्रे शक्ति और भक्ति का प्रतीक हैं और माता रानी की पूजा-अर्चना से मन को शांति और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि नवरात्रों के दौरान भक्ति भाव से माता रानी का स्मरण करें और समाज में भाईचारे, सद्भावना और आपसी सहयोग को बढ़ावा दें। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की उपस्थिति ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। तेजवीर सिंह ने कहा कि ऐसे पावन अवसरों पर सामूहिक भक्ति और एकता समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है।

#### मंगल कामना की

**राजौंद।** नवरात्रा पर्व के तहत मंगलवार को दूसरे नवरात्रे के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना कर मंगल कामना की। नवरात्रों से संबधित सामान खरीदने वाले श्रद्धालु प्रसाद, नारियल, आलू कुट्टू के आटे की खरीददारी कर रहे है। महंगाई के इस दौर में फल व व्रत से संबधित सामग्री खरीदने वालों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। उधर मंदिरों में नवरात्रों को लेकर दुर्गा मंदिर, बाबा बहादुर बण मंदिर में श्रद्धालुओं की चहल पहल ने पूरे नगर के वातावरण को भक्तिमय में माहौल में बदल कर रख दिया है।

#### श्रद्धालुओं ने की पूजा

**उचाना।** देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम पर नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने पूजा व अर्चना की। मंदिर पुजारी रामनिवास कौशिक ने बताया कि शारदीय नवरात्रि का दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी को समर्पित है। यह दिन साधना, तपस्या और संयम का प्रतीक माना जाता है। भक्त मां की आराधना कर ज्ञान, तप और वैराग्य की प्राप्ति करते हैं। नवरात्रि की दूसरी देवी मां ब्रह्मचारिणी तपस्या और संयम की प्रतीक हैं। उनकी आराधना से साधक के भीतर धैर्य, तप, त्याग और संयम की शक्ति विकसित होती है।

#### बनभौरी धाम पहुंचे सैंकड़ों श्रद्धालु

**नरवाना।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को माता बनभौरी के दर्शनों के लिए नरवाना से सैंकड़ों लोग बनभौरी धाम में पहुंचे। नरवाना से अल सुबह बनभौरी धाम के लिए विशेष बस रवाना हुई। इसके अलावा अनेक लोग अपनी अपनी गाडियों में बनभौरी धाम पर पहुंचे और यहां माता बनभौरी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उल्लेखनीय है कि माता बनभौरी को कुल देवी के रूप में भी पूजा जाता है। प्रत्येक नवरात्रों के दौरान छठे नवरात्रे पर बनभौरी धाम में विशेष मेला लगता है जिसमें देश के कोने.कोने से लाखों लोग बनभौरी माता के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं लेकिन अब पहले नवरात्रे से ही बनभौरी धाम पर भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो गई है। मंदिर के पुजारी रामनिवास शास्त्री ने भी लोगों से अपील की है कि भक्त केवल छठे नवरात्र में माता के दर्शन करने की परंपरा को छोड़ दें और पहले नवरात्रे से चौदस तक प्रत्येक दिन कभी भी माता के दर्शनों के लिए मंदिर में आ सकते हैं। माता बनभौरी सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।

#### श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा

**सीवन।** आज दूसरे नवरात्रे के अवसर पर नगर के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तजन माता रानी के दर्शन के लिए सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर पूरे भक्ति भाव से पूजा-अर्चना करते रहे। मंदिरों में घंटियों की गूंज और "जय माता दी" के जयकारों ने वातावरण को पावन बना दिया। मां की भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित किए और माता के चरणों में पुष्प अर्पित किए। मंदिर प्रांगण में हर ओर उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम दिखाई दिया। स्वर्गद्वार शिव मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश ने बताया कि दूसरे नवरात्रे को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा का विशेष महत्व है।

#### फलों के दाम बढ़े

**राजौंद।** नवरात्र पर्व को लेकर फलों के दामों में हुई बढ़ोतरी ने श्रद्धालुओं की आस्था को बेहाल करके रख दिया है। त्योहारों के मौसम में आम जरूरत की चीजों व खाद्य पदार्थों के भी बढ़ते दामों ने श्रद्धालुओं की आस्था को भारी ठेस पहुंचाई है। फल नवरात्रों से पहले 50-60 रुपये प्रति दर्जन बिक रहा था उसके दाम नवरात्रों के शुरू होते ही दो गुणा बढ़ गए है। परंतु प्रशासन का इस ओर जरा भी ध्यान नही जाता की एक दिन में फलों के इतने दाम बढना कहा तक उचित है। नवरात्रों से पहले केला 70 से रुपये प्रति दर्जन के हिसाब से बिक रहा था नवरात्रों के शुरू होते ही उसके दाम 90.100 रुपये तक प्रति दर्जन पहुंच गए।



सीवन। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### रामलीला का शुभारंभ

**पूंडरी।** श्री राम ड्रामाटिक क्लब की रामलीला का शुभारंभ जिला कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य, कांग्रेस नेता और समाजसेवी प्रेम धीमान फतेहपुर ने किया। कहा कि रामायण से हमें सत्य, दया, शांति और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। यह हमें परिवार के प्रति कर्तव्यों का पालन करने, त्याग और समर्पण की भावना रखने, बड़ों का आदर करने और सभी प्राणियों के प्रति दयालु बनने की शिक्षा देती है। धीमान ने कहा कि रामायण यह भी सिखाती है कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में अच्छाई की ही विजय होती है। रामायण के सातों कांडों का उल्लेख करते बताया कि इसमें श्री राम के जन्म से लेकर अयोध्या वापसी, राज्याभिषेक और सीता माता की घटनाओं का विस्तृत वर्णन मिलता है। कहा कि हमारे मन में ईश्वर के प्रति सच्चा प्रेम होना चाहिए, क्योंकि जहां भी इंसान होता है, ईश्वर वही उसके साथ रहते हैं। क्लब के सरपरस्त बलबीर सैनी, डायरेक्टर महावीर भट्ट, प्रधान लखमीचंद, खजांची प्रवीण धनिया, कलाकार सुरेंद्र धनिया, मोंटू, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।



पूंडरी। रामलीला में मुख्यातिथि प्रेम धीमान का स्वागत करते क्लब सदस्य।



कैथल। थाना प्रभारी रेखा ने महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करते।

#### यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ

**कैथल।** हरियाणा पुलिस द्वारा पूरे प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम, ट्रैफिक नियमों की जानकारी, नशा मुक्ति, साफ-सफाई तथा पौधारोपण जैसे विषयों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक जागरूकता का संदेश पहुंचाना और आमजन को कानून, सुरक्षा व सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग करना है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया की इसी कड़ी में थाना ढांड की एसएचओ एसआई रेखा द्वारा जनता कॉलेज कौल, ढांड कॉलेज तथा फरल स्कूल में तथा थाना सीवन की एसएचओ एसआई सुनीता द्वारा गांव खानपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिलाओं व छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने महिला विरुद्ध अपराधों, साइबर अपराधों और ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम के महत्व बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

#### योग शिविर का लाभ उठाने को प्रोत्साहित किया

**कैथल।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वावधान में गाव पिलनी में 13 सितंबर से 27 सितंबर तक सुबह शाम 5 बजे से 7 बजे तक 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है। इसमें मंगलवार को सुबह 5:00 बजे से 7:00 बजे तक पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी आचार्य हरिओम व जिला युवा प्रभारी अनिल गुप्ता का सानिध्य शिवर में मिला। हरिओम ने योग साधकों को जल नेति करके दिखाई और उससे दूर होने वाले रोगों के बारे में भी पूरी जानकारी दी व अनिल गुप्ता ने साधकों को सभी प्राणायाम करवाएं व भ्रामरी, ,उदगीत और गायत्री मंत्र व शांति पाठ करवाए। सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार ने शिविर में आए हुए सभी ग्राम वासियों को योग शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर तहसील प्रभारी बीरभान कौशिक एवं मुख्य योग शिक्षका कमलेश कौशिक और देवी रानी, रेखा , सविता, पंचायत मैंबर संतरो, अनिल कुमार, मुकेश, सुंदर लाल, टेकचंद , राधेश्याम व अन्य प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।



कैथल। शिविर में योगासन करते साधक। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रस्तुति देते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

#### लोक नृत्य हमारी अमूल्य धरोहर

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ;आईटीआईद्ध जींद के सभागार में जिला स्तरीय लोक सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का शानदार और भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला डूमरखां के प्रधानाचार्य रामनिवास जांगड़ा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि लोक नृत्य हमारी अमूल्य धरोहर हैं। जो हमारी संस्कृतिए परंपरा और जीवन शैली की सच्ची झलक प्रस्तुत करते हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ.साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देते हैंए जिससे उनका आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ती है। कार्यक्रम का मंच संचालन सुरेंद्र रेढू ने किया। निर्णायक मंडल में अनुदेशिका सुमन रेढू, सीमा और रितु ने अपनी भूमिका निभाई।अधीक्षक जोगेंद्र सिंह श्योराण सहित वर्ग अनुदेशक मंगल सिंह, नरेंद्र दुल, सोहनू राम, मनजीत बाला, पूनम, नसीब खटकड़, अक्षय ढांडा आदि मौजूद रहे।



जींद। सीआरएसयू में शहीदों को नमन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### शहीदों को नमन किया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में कुलगुरु प्रो. डा. राम पाल सैनी के निर्देशन में हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहीदों को नमन करते उनके पराक्रम और बलिदान को याद किया गया। प्रो. सैनी ने शहीदों को नमन करते कहा कि शहीदों का सम्मान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। अमर शहीद राव तुलाराम और हरियाणा के अनेकों वीर बलिदानियों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों की गौरव गाथाएं हमें अपनी समृद्ध विरासत की सदैव याद दिलाएंगी। शहीदों की कुर्बानी सदैव युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। देश के उन शूरवीरों को कभी नहीं भुलाया जा सकता है, जिन्होंने अपनी शहादत देकर देश की माटी का कर्ज अदा किया। ऐसे वीरों को सम्मान देते उनके दिखाए मार्ग पर चल कर देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय में अमर शहीद कैप्टन पवन के स्मारक पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करके उनके बलिदान को नमन किया।

## अधिकारियों ने शहीदों को किया नमन

- शहीदी स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर मंगलवार को स्थानीय गोहाना रोड स्थित शहीदी स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला डीएमसी सुरेन्द्र दून, एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने पुष्प अर्पित कर शहीदों का दी श्रद्धांजलि व अन्य गणमान्य ने शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले इन अमर वीरों से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी को राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की आन, बान और शान के लिए शहीद हुए वीर सपूतों का बलिदान सदैव अमर रहेगा।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी।

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे। कार्यक्रम उपरान्त कारगिल युद्ध में शहीद हुए स्वर्गीय आशीष कुमार की धर्मपत्नी बिमला देवी को उनके घर जाकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला सैनिक बोर्ड के सचिव कैप्टन सुधीर नसीर, चन्द्रभान, राजेन्द्र, रमेशचन्द, सूबेदार अमरनाथ, प्रताप सिंह, रविन्द्र मौजूद रहे।



जींद। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### भव्य सांस्कृति संध्या का आयोजन

**जींद।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में महाराजा अग्रसेन सदाव्रत समिति पालिका बाजार द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन सदाव्रत परिसर के पार्क में किया गया। महाराजा अग्रसैन जयंती पर आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या के मुख्यअतिथि समाजसेवी व उद्योगपति पवन गर्ग रहे। विशिष्ट तिथि के रूप में प्रसिद्ध ठेकेदार व समाजसेवी मुकेश गोयल नरवाना वाले ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश सिंगला ने की कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन पर भव्य नाटक का अभूतपुर्व मंचन जैन बच्चों द्वारा किया गया। जिसका विषय पशुओं की निर्ममता से की जाने वाली हत्याएं रोकना, अहिंसा व शाकाहार को बढ़ावा देना प्रमुख विषय रहा। बच्चों की टीम ने राधा कृष्ण की झांकियों पर रासलीला का बढ़िया दृश्य पेश किया। एसडी स्कूल कार्यकारिणी के प्रधान श्रीचंद जैन, व्यापारी नेता महावीर कंप्यूटर, सुरेश गर्ग द्वारा समाज की एकता के लिए सबको मिल कर कार्य करने की जरूरत बताई। मुख्यअतिथि पवन गर्ग ने समाज के लिए हर संभव सहयोग के लिए तैयार रहने के लिए सबको प्रेरित किया।

### संविधान के मूल अधिकारों के अनुरूप सूचना का अधिकार अधिनियमः सैनी

# आरटीआई कानून को लेकर कनाडा में संगोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कनाडा की राजधानी ओटावा में स्थित हाउस ऑफ कॉमन्स (कनाडा संसद) में महत्वपूर्ण द्विपक्षीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सूचना के अधिकार कानून के विषय पर भारत एवं कनाडा के प्रतिनिधियों ने आपसी अनुभव साझा किए। इस संगोष्ठी में कनाडा सरकार के कैबिनेट मंत्री स्टीवन ग्रेट मैकिनॉन, कैबिनेट मंत्री जायल लाइटबेंड, मिसिसॉगा के सांसद इकरा खालिद, हैमिल्टन के सांसद असलम राणा शामिल हुए। जबकि भारत के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हरियाणा राज्य के सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने भारत के सूचना के अधिकार कानून की महत्ता, प्रभाव, प्रक्रिया एवं परिणामों पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा सूचना के अधिकार कानून से संबंधित ठोस निर्णयों की जानकारी भी दी। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों द्वारा सूचना के अधिकार की व्यवस्थाएं कैसे लागू की जाती हैं। किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कर्मवीर सैनी ने बताया कि भारत में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 संसद द्वारा पारित हुआ था। जिसका उद्देश्य था सरकारी कामकाज में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है। अधिनियम भारत के संविधान के मूल अधिकारों तथा लोकतांत्रिक सिद्धांतों के अनुरूप है। जिसमें नागरिकों को सरकार द्वारा रखी गई सूचनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने का अधिकार है।



जींद। संगोष्ठी में भाग लेते कर्मवीर सैनी। फोटो :हरिभूमि

#### मना करने पर कारण बताना अनिवार्य

भारत के अलग-अलग राज्यों में सूचना आयोग होते हैं। जैसे कि हरियाणा सूचना आयोग जो राज्य द्वारा लागू मामलों को देखता है। कर्मवीर सैनी ने बताया कि कोई भी नागरिक मामली शुल्क के साथ किसी सरकारी विभाग या एजेंसी को आरटीआई के लिए आवेदन पत्र दर्ज करवा सकता है। विभाग को संबंधित आवेदनकर्ता को 30 दिन की अवधि सूचना उपलब्ध करानी होती है। यदि सूचना में कोई संवेदनशील या गोपनीय विषय हो तो कुछ अतिरिक्त समय लिया जा सकता है। यदि सूचना देने से मना किया जाए तो कारण बताना अनिवार्य है और अपील की प्रक्रिया होती है। पहला स्तर विभागीय अपील, दूसरा स्तर राज्य सूचना आयोग या केंद्र सूचना आयोग, तीसरा स्तर न्यायालय हो सकता है। सूचना में देरी पर संबंधित अधिकारी को 25 हजार रुपये तक का आर्थिक दंड लगाना, आयोग के आदेश न मानने पर पुलिस के माध्यम से संबंधित अधिकारी के वारंट जारी करने समेत कई अन्य अधिकारी प्राप्त हैं।



जींद। प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

#### डीएवी के दो तलवारबाजों ने जीते गोल्ड

**जींद।** डीएवी स्कूल जींद की छोरियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जींद का झंडा गाड दिया है। प्राचार्य रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि राष्ट्रीय तलवारबाजी संघ द्वारा हल्द्वानी उत्तराखंड के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में एशिया कैडेट तलवारबाजी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें से दो विद्यार्थी प्राची और महेश ने गोल्ड मेडल तथा खुशी ने ब्रॉज मेडल जीत कर भारत की झोली में डाल दिया। यहां बच्चों की परफॉर्मेंस को देखकर तीन बच्चों को आम्ड स्पोट्र्स एसोसिएशन ने अडॉप्ट कर लिया। इससे पहले दो बच्चों को संस्कार धाम अहमदाबाद गुजरात ने एडॉप्ट किया हुआ है। यह बच्चे वहां पर विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिसका खर्चा भी उन्हीं संस्थाओं के द्वारा दिया जाता है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। जिसे मनाने के लिए स्कूल में तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि एशिया में मेडल जीतने वाले बच्चों को मुख्यमंत्री और डीएवी संस्था के प्रधान से शीघ्र ही मिलवाया जाएगा ताकि और बच्चों को भी प्रेरणा मिल सके।

## खबर संक्षेप

### यूजी में एडमिशन के लिए पोर्टल शुरू

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मांग पर सीआरएसयू ने यूजी 1, 2, 3, 4 सेमेस्टर के विद्यार्थियों को स्पेशल चांस का पोर्टल शुरू किया है। सीआरएसयू में एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि विद्यार्थियों को पीजी एडमिशन लेने में समस्या आ रही थी। एबीवीपी ने विद्यार्थियों के हित में यूनिवर्सिटी प्रशासन की स्पेशल चांस की मांग की। कुलगुरू प्रो. डा. रामपाल सैनी से मांग की थी कि कॉलेज के सभी नॉन एनईपी कोर्स के विद्यार्थियों को एडमिशन लेने में समस्या आ रही है तो इन विद्यार्थियों को स्पेशल चांस दिया जाए। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि एबीवीपी ने यह मांग की थी।

### शिविर में 106 यूनिट रक्तदान हुआ

**उचाना।** श्री श्याम मेडिकल हॉल उचाना द्वारा वीर शहीदी दिवस पर रजबाहा रोड पर जय मां बनभौरी ऑयल मिल के पास रक्तदान शिविर लगाया। 70 यूनिट रक्तदान शिविर में हुआ। रक्तदाओं को प्रमाण पत्र के साथ गिफ्ट देकर सम्मानित किया। मेट्रो ब्लड सेंटर जींद से टीम शिविर में पहुंची। कार्यक्रम आयोजक मनीत सांगवान ने कहा कि जितने फौजी शहीद हुए है उनकी याद में प्रदेश में वीर शहीदी दिवस मनाते हुए रक्तदान शिविर लगाया गया। युवाओं को चाहिए कि रक्तदान करने में आगे आना चाहिए। रक्तदान ऐसी कोई चीज नहीं है जो बनाई जा सकें। हमारे द्वारा दिया गया रक्तदान किसी की जान बचाने के काम आता है।।

आत्मनिर्भर हरियाणा भाजपा सरकार की कल्पना

### कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मीडिया से बातचीत में बताए सुधारों के लाभ

# पीएम नरेंद्र मोदी का जीएसटी सुधार ऐतिहासिक फैसला, प्रत्येक वर्ग को मिलेगा इसका फायदा

सरकार का लक्ष्य सिर्फ राजस्व संग्रह करना नहीं, बल्कि लक्ष्य देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार लेकर आना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा के सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि जीएसटी सुधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक फैसला है, इससे प्रत्येक वर्ग को फायदा होगा। यह कदम न सिर्फ उपभोक्ताओं को राहत देता है, बल्कि छोटे व्यवसायों और मंझोले उद्योगों सहित सभी तरह के उद्योगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा। अहम पहलू यह है कि नागरिक अब कम जीएसटी का लाभ उठाकर स्वदेशी उत्पाद अपने घर लेकर आएं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को नवरात्रों व दीपावली का बंपर उपहार प्रदान किया है। यह कदम निश्चित तौर पर देश की आर्थिक ताकत को मजबूत करेगा और नई उम्मीद जगाएगा।

हरियाणा के सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मंगलवार को कोयल कांप्लेक्स में जीएसटी बचत उत्सव को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में जीएसटी सुधारों के लाभ और महत्व की जानकारी आमजन और व्यापारियों तक पहुंचाने के लिए 'जीएसटी बचत उत्सव' शुरू किया गया है। यह अभियान 15 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इसके लिए आबकारी एवं कराधान विभाग ने विस्तृत कार्य योजना से शिविर आयोजित करेगी। अभियान का पहला चरण 22 से 29 सितंबर तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि तमाम जरूरी वस्तुओं पर टैक्स या तो खत्म कर दिया है या फिर काफी कम कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से यह जानकारी दी थी कि दिवाली से पहले देश को बड़ा तोहफा मिलेगा। अब जीएसटी सुधार योजना लागू कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसका उद्देश्य आम आदमी के जीवन को आसान बनाना और अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। सभी के लिए विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित होगी।

मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सिर्फ राजस्व संग्रह नहीं है, बल्कि देश के हर नागरिक की जीवन गुणवत्ता सुधारना है। टैक्स दरों की इस बड़े पैमाने पर समीक्षा से आम आदमी की रोजमर्रा की खर्चों में कमी आएगी, स्वास्थ्य और बीमा सेवाएं सस्ती होगी, और व्यापारिक माहौल में सुगमता बढ़ेगी।


**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार। फोटो : हरिभूमि


**कैथल।** कैथल में सम्मेलन में भाग लेते हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीला राम, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल तंवर, वरिष्ठ भाजपा नेता राव सुरेंद्र सिंह, जिला महामंत्री सुरेश संधू व मनीष शर्मा, शक्ति सौदा, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन यशपाल प्रजापति, अजीत चहल, अरुण सर्राफ, शीशपाल जिंदल, नगर परिषद की उपाध्यक्ष सीमा सहित जिला प्रशासन की ओर से डीएमसी कपिल शर्मा, जीएसटी विभाग की उप आयुक्त सीमा बिड़लान सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

#### नवरात्र और दिपावली का तोहफा

**जींद।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जीएसटी पर घटोत्तरी लागू कर एक नया आयाम स्थापित किया है। इस व्यवस्था से आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर हरियाणा की परिकल्पना साकार होगी। नई जीएसटी व्यवस्था से गरीब, मध्यम वर्ग, युवाओं, किसानों, व्यापारियों सहित सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। त्योहारी सीजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी पर घटोतरी लागू कर देशवासियों को तोहफा दिया है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार मंगलवार को नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स और जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर प्रवक्ता बबलू गोयल, मीडिया प्रभारी राकेश बूरा आदि मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय हीरो एजेंसी, महिंद्रा, बजाज तथा स्वराज एजेंसियों में जाकर वाहन खरीद रहे उपभोक्ताओं से बातचीत की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी की नई व्यवस्था लागू हो गई है। इस व्यवस्था से कारोबार को और आसान व निवेश को और आकर्षक बना सकते हैं। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और राज्य के प्रयासों का परिणाम है कि देश दर्जनों करों के जाल से मुक्त हुआ है और एक राष्ट्र-एक कर का सपना साकार हुआ है। हरियाणा कृषि प्रधान राज्य है जीएसटी परिषद ने वर्तमान सुधारों में कृषि और किसान दोनों का ख्याल रखा है। विशेष रूप से फसल अवशेष प्रबंधन में उपयोग होने वाले कृषि उपकरणों पर जीएसटी की दरों को कम किया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ट्रैक्टर और ट्रैक्टर पुर्जों पर जीएसटी कम की गई है।

#### जनहित और राष्ट्रनिर्माण सर्वोपरि

**कैथल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल कैथल में एक प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने की, जबकि मुख्यवक्ता के रूप में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी उपस्थित रहे। संचालन संयोजक राजबीर कादियान, सह संयोजक शक्ति सोथा व राजेश बीढ़ां एडवोकेट ने किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संपूर्ण जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने राजनीति को जनता की भलाई और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाया। मोदी ने गरीबों, किसानों, मजदूरों और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में भारत ने विश्व स्तर पर नई पहचान बनाई है और आज देश आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की ओर तेजी से बढ़ रहा है। कृष्ण बेदी ने कहा कि 'सेवा पखवाड़ा' केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि सेवा, त्याग और समर्पण की भावना का उत्सव है। भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की सोच से प्रेरणा लेकर समाज के हर वर्ग तक सेवा का संदेश पहुँचा रहे हैं। यही वास्तविक राष्ट्रसेवा है और यही भारतीय जनता पार्टी की पहचान भी है। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा समाज के गरीब और असहाय वर्ग की सहायता का संकल्प है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर तक सेवा का संदेश ले जा रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की हैं।

# नपा का शहर स्वच्छता अभियान तेज हर गली-मोहल्ला होगा साफ व सुथरा

- 2025 में स्वच्छता में प्रदेश का नंबर वन शहर बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** नगरपालिका द्वारा सफाई अभियान में भाग लेते व शहर में नालों की सफाई करती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत पूंडरी नगर पालिका को स्वच्छता में न. 1 पर लाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान 24 अगस्त से शुरू होकर 7 नवम्बर तक यानी 11 सप्ताह तक लगातार जारी रहेगा। नपा सचिव नरेश कुमार ने शहर के सभी वार्डों, गली-मोहल्लों और प्रत्येक मकान तक हर मोहल्ला-हर गली-हर मकान स्वच्छ का संकल्प दिया है। जे.ई. प्रदीप कुमार, सफाई निरीक्षक वीरेंद्र कुमार व मुकेश कुमार ने बताया कि 11 सप्ताह के अभियान में स्वच्छता संकल्प, सार्वजनिक स्थानों और बुनियादी ढांचे की साफ-सफाई व मरम्मत, जन भागीदारी और जागरूकता, हरा-भरा और स्वच्छ हरियाणा, जल निकायों की सफाई, सफाई मित्र सम्मान, स्वच्छ सडक़ें व स्वच्छ बाजार, बेसहारा पशुओं का स्थानांतरण, शौचालयों की देखरेख, स्वच्छता संदेश और उत्सव जैसे थीमों पर विशेष जोर रहेगा। अंत में भव्य स्वच्छता पुरस्कार और मान्यता दिवस भी मनाया जाएगा।


**नरवाना।** रामलीला में श्री राम जन्म के बाद खुशियां मनाते हुए महाराजा दशरथ।

### श्रीरामा कला केंद्र ने दिखाई गई श्रीराम जन्म की लीला

**नरवाना।** शहर की पुरानी अनाज मंडी में श्री रामा भारतीय कला केंद्र के मंच पर दिखाई जा रही रामलीला के दौरान गत रात्रि श्री राम जन्म की लीला दिखाई गई। रामलीला में मुख्यातिथि के रूप में अनाज मंडी के पूर्व प्रधान जयदेव बंसल, रघुबीर मोर व रूबल सहारण ने शिरकत की। मंच संचालन शैलेंद्र मोहन द्वारा किया गया। कला केंद्र के प्रधान भारत भूषण गर्ग ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कला केंद्र की ओर से मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रामलीला में दिखाया गया कि महाराजा दशरथ संतान प्राप्ति के लिए यज्ञ करवाते हैं। फिर अग्नि देव उन्हें वरदान देते हैं और फिर श्री राम जन्म की सुंदर लीला दिखाई जाती है। जंगलों में राक्षसों की खर मस्तियां दिखाई गई जिसमें दिखाया गया कि किस तरह से राक्षस यात्रियों को परेशान करते हैं और उनका सारा सामान भी लूट लेते हैं। उसके बाद अगले दृश्य में राक्षस विश्वामित्र को परेशान करते हैं और उनके यज्ञ में विघ्न डालते हैं। फिर विश्वामित्र परेशान होते हुए महाराजा दशरथ के दरबार में पहुंच जाते हैं।

# आरपीएस में स्कॉलरशिप परीक्षा 28 को

- स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के माध्यम से 11वीं के 120 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि:शुल्क : इंजी. मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 28 सितम्बर को स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा तीसरी से 9वीं व 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट (मनिटीज) के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं।



आरपीएस विद्यालय।

#### पंजीकरण अनिवार्य

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 10:30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण की परीक्षा के बाद आरपीएस ग्रुप करेगा, जिन्हें विद्यालय में नि:शुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परीक्षा की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी। अभिभावक अपने-अपने बच्चों का पंजीकरण विद्यालय की वेबसाइट से करवा सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी अपना पंजीकरण परीक्षा के दिन सुबह नौ से लेकर 10 बजे तक भी करवा सकते हैं।

# परिवार, समाज और देश के भविष्य के लिए खतरा नशा


**कैथल।** डीएसपी कुलदीप बेनीवाल गांव दुसैन के ग्रामीणों को जागरूक करते हुए।

- गांव दुसैन में डोर टू डोर अभियान चलाकर युवाओं और ग्रामीणों ने नशा न करने के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला कैथल को नशा मुक्त बनाने के लिए जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान तहत आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। अभियान में पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत कराना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा, जो देश के भविष्य है।

# कोटड़ा में स्वास्थ्य जांच और सफाई अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

- सांसद नवीन जिंदल की टीम ने परशुराम भवन में जांचें मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

गांव कोटड़ा के परशुराम भवन में सेवा पखवाड़ा के निमित्त सांसद नवीन जिन्दल द्वारा डाक्टरो की टीम भेजकर हेल्थ चैकअप कैंप लगाया गया। जिसमें सभी गांव वासियों का हैल्थ चैकअप करके उनको फ्री में दवाईयां दी गई। कलायत हल्का सांसद प्रतिनिधि विरेंद्र सारण, जिला कार्यकारिणी सदस्य कपिल दिक्षित, मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल ने बताया कि प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें नशा मुक्ति, साफ-सफाई और पौधारोपण जैसे विषयों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गांव कोटड़ा में हैल्थ चैकअप कैंप लगाया गया। युवा मोर्चा कमल राणा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है। स्वच्छता केवल प्रशासन या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विरेंद्र सारण, जिला कार्यकारिणी सदस्य कपिल दिक्षित, मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल, मंडल महामंत्री लोकेश राणा, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा कमल राणा, राजेश कोटड़ा, सतबीर कल्याण सरपंच प्रतिनिधि मौजूद रहे।


**राजौंद।** सेवा पखवाड़ा के तहत हैल्थ चैकअप कैंप के दौरान मौजूद।

# 'प्लास्टिक दो और पौधा लो' पर्यावरण बचाने की मुहिम

- गुहला चीका में नपा व नेकी का घर संस्था ने संयुक्त रूप से चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका

नगर पालिका व नेकी का घर संस्था की ओर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक सराहनीय अभियान की शुरुआत की गई प्लास्टिक दो, पौधा लो। इस मुहिम की शुरुआत मंगलवार को शहीद उधम सिंह चौक पर की गई, जहां लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

नेकी का घर संस्था ने क्षेत्रीय लोगों से अपील की कि वे अपने घरों में जमा पुराने प्लास्टिक को साथ लाएं और बदले में पौधा लेकर जाएं। इस पहल का उद्देश्य न केवल प्लास्टिक कचरे को कम करना है, बल्कि लोगों को हरियाली के प्रति जागरूक करना भी है। लोगों ने इस पहल को खूब सराहा और बड़ी संख्या में वेस्ट प्लास्टिक जमा करवाकर पौधे प्राप्त किए। नपा प्रशासन का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर नेकी का घर संस्था से डॉ गुरबाज सिंह, गुरदीप चाबा, सुरिंदर वधावन प्रकाश कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


**गुहला चीका।** प्लास्टिक लेकर पौधा देते हुए नेकी का घर संस्था के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### ग्रीन फिल्ड हाइवे पर कार सवारों ने बाइक लूटी

**जींद।** गांव भम्भेवा के निकट ग्रीन फिल्ड हाइवे पर कार सवार व्यक्ति असलहा के बल पर बाइक लूटकर फरार हो गए। पिल्लूखेड़ा पुलिस ने शिकायत के आधार कार सवार अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कल्पा सोनीपत निवासी रिषीपाल तथा गांव बांद निवासी भरत गांव बागडू से ग्रीन फील्ड नेशनल हाइवे से बाइक पर सोनीपत की तरफ जा रहे थे। गांव भम्भेवा के पास कार सवार चार पांच युवकों ने ओवरटेक बाइक को रूकवा लिया। जिसके बाद आरोपितों ने पिस्तौल दिखा कर बाइक की चाबी छीनी और दो युवक बाइक लेकर सोनीपत की तरफ फरार हो गए। राहगीरों के सहयोग ने रिषीपाल ने घटना की सूचना पुलिस तथा परिजनों को दी। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने रिषीपाल की शिकायत पर अज्ञात कार सवार युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल लुटरों का सुराग नहीं मिला पाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### भारत युवाओं का देश, विद्यार्थियों में छिपी असीम प्रतिभा: चेयरपर्सन सुरभि गर्ग

# स्वच्छता पखवाड़ा: 'मेरा जी लागै सै बाब्यां मैं रै, बाब्यां मै. . .'

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय आईटीआई कैथल में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को संस्थान में सुबह सफाई अभियान व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग थी व प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने की। उन्होंने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं से अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि विभाग द्वारा युवा कार्यक्रमों की श्रृंखला में हर महीने तीन से चार प्रोग्राम संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताओं के करवाए जाते हैं। इनमें अव्वल रहे प्रतिभागियों को ईनाम भी दिया जाता है। छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का आईटीआई से अच्छा कोई मंच नहीं है।

चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया की आईटीआई के छात्र-छात्राओं में भी कॉलेज के बराबर का टैलेंट है। विद्यार्थियों में असीम प्रतिभा छिपी है। निश्चित तौर पर आईटीआई कॉलेज व यूनिवर्सिटी के बच्चों से कम नहीं है। देश की प्रगति में आईटीआई का विशेष योगदान है क्योंकि आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त करके छात्र उद्योगों में जाते हैं और जिस देश में उद्योग -धंधे फलते फूलते हैं वही राष्ट्र विकसित राष्ट्र की ओर तेजी से बढ़ता है। आज के कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई।



**कैथल।** नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग राजकीय आईटीआई कैथल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तथाराजकीय आईटीआई कैथल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

*कार्यक्रम का मंच संचालन मीनाक्षी तथा रणधीर ढांडा अनुदेशक ने किया। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर ईंदू बाला, संतोष कुमारी, प्रेरणा, चारू जैन, विजेता कुंडू, रिचा जांगड़ा, सोनिया, सुमन, सतीश सैनी, शमशेर मलिक, संजय वर्मा, राजवीर, संजीव कुमार आदि ने सहयोग दिया।*

#### 200 कुर्सियां देने का किया ऐलान

*सुरभि गर्ग ने आईटीआई के विद्यार्थियों के लिए 200 कुर्सियां देने का ऐलान किया। अंत में प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने सुरभि गर्ग को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।*